(v) 'सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा ।' इस वाक्य में संज्ञा पदबंध का उदाहरण है –

(A) सूरज की अंतिम

(B) अंतिम रंग-बिरंगी

(C) सूरज की अंतिम रंग-बिरंगी किरणों

(D) रंग-बिरंगी किरणों को समुद्र पर

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा ।

(B) लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की ।

(C) लोग मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह वहाँ पहुँच जाता ।

(D) जो सभ्यता जितनी पुरानी होती है उसके किस्से ज्यादा सुनने को मिलते हैं ।

(ii) 'वामीरो और तताँरा को समझाने-बुझाने के कई प्रयास हुए किंतु दोनों अडिग रहे ।' – रचना के आधार पर वाक्य-भेद है –

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) साधारण वाक्य

(iii) स्तंभ-1 और स्तंभ-2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

| | **स्तंभ – 1** | | **स्तंभ – 2** |
|---|---|---|---|
| 1. | तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी । | I. | संयुक्त वाक्य |
| 2. | उसने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी । | II. | मिश्र वाक्य |
| 3. | उसने जैसे ही तताँरा को देखा वैसे ही फूटकर रोने लगी । | III. | सरल वाक्य |

(A) (1-III), (2-I), (3-II) (B) (1-II), (2-III), (3-I)

(C) (1-I), (2-III), (3-II) (D) (1-III), (2-II), (3-I)

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है :

(A) तताँरा को जैसे ही होश आया वह छटपटाने लगा ।

(B) रीति अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था ।

(C) धीरे-धीरे विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुए ।

(D) लोगों ने उसे ढूँढ़ने की बहुत कोशिश की किंतु उसका कोई पता नहीं चला ।

(v) 'तताँरा की तलवार लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी ।' – इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा –

(A) तताँरा के पास एक तलवार थी और वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी ।

(B) तताँरा की तलवार विलक्षण थी इसलिए वह लोगों के लिए रहस्य थी ।

(C) तताँरा के पास जो तलवार थी वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी ।

(D) तताँरा की विलक्षण तलवार लोगों के लिए एक रहस्य थी ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'आत्मकथा' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्विगु समास

(C) तत्पुरुष समास (D) कर्मधारय समास

(ii) 'मनोरोग' समस्तपद का विग्रह होगा –

(A) मन का रोग (B) मन पर रोग

(C) मन में रोगी (D) मन के समान रोगी

(iii) निम्नलिखित में से अव्ययीभाव समास का उदाहरण है :

(A) पराधीन (B) चतुर्भुज

(C) महाशय (D) आजीवन

(iv) 'शिरोवेदना' समस्तपद के लिए सही समास-विग्रह और समास का चयन कर लिखिए ।

(A) शिर में वेदना – तत्पुरुष

(B) शिर के लिए वेदना – कर्मधारय

(C) शिर और वेदना – बहुव्रीहि

(D) शिर है जो वेदना – द्वन्द्व

